**NEWS CLIPPING: 28.03.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# सकारात्मक सोच से ही मिलती है सफलता

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वैदिक क्लब ने मुख्य रूप से सहयोग किया। शिक्षा और कारपोरेट क्षेत्र में विद्यार्थियों क्षमता में सुधार कार्यशाला का मुख्य विषय था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और संचालन डॉ. अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात प्रेरक वक्ता डॉ. विवेक बिंद्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्साह के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

दो घंटे के प्रेरक सत्र में डॉ. विवेक बिन्द्रा ने विद्यार्थियों के साथ-साथ संकाय सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा सत्र से जोड़े रखा। ऊर्जा से भरपूर इस सत्र ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रसिद्ध बास्केटबॉल खिलाड़ी माइकल जॉर्डन तथा हॉलीवुड अभिनेता अर्नाल्ड श्वार्जनेगर के जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में लक्ष्य को हासिल किया। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों तथा चुनौतियों से निपटने के उपायों के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को गीता पढ़ने का सुझाव दिया तथा बताया कि गीता के ज्ञान से विद्यार्थी कैसे सीख ले सकते हैं।


वाईएमसीए विश्वविद्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रेरक वक्ता डॉ. विवेक बिंद्रा।

**NEWS CLIPPING: 28.03.2018**

**PUNJAB KESARI**

# सकारात्मक सोच से मिलती है सफलता: डॉ विवेक



*वाईएमसीए विश्वविद्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक वक्ता डॉ विवेक बिंद्रा। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 27 मार्च (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैरियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा वैदिक क्लब के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय विख्यात प्रेरक वक्ता डॉ विवेक बिंद्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्साह के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र में विद्यार्थियों क्षमता में सुधार विषय पर आयोजित कार्यशाला में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र का संचालन प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने डॉ विवेक बिन्द्र का विश्वविद्यालय में स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक वक्ता को सुनना विद्यार्थियों के लिए एक सुअवसर है तथा आशा जताई कि डॉ बिन्द्रा का प्रेरक उद्‌बोधन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण तथा जीवन में लक्ष्य हासिल करने में मददगार बनेगा। लगभग दो घंटे के प्रेरक सत्र में डॉ बिन्द्रा ने विद्यार्थियों के साथ-साथ संकाय सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा सत्र से जोड़े रखा। ऊर्जा से भरपूर इस सत्र ने विद्यार्थियों को जीवन में कभी ना कहने की सकारात्मक सोच के प्रति प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रसिद्ध बास्केटबाल खिलाड़ी माइकल जोर्डन तथा हॉलीवुड अभिनेता अर्नाल्ड श्वार्जनेगर के जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में लक्ष्य को हासिल किया।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 28 March 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27400745

**NEWS CLIPPING: 28.03.2018**

**NAV BHARAT TIMES**

# सकारात्मक सोच से मिलती है सफलता



**वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा वैदिक क्लब के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय विख्यात प्रेरक वक्ता डॉ. विवेक बिंद्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्साह के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING: 28.03.2018**

**AMAR UJALA**

## सकारात्मक सोच से मिलती है सफलता : डॉ. विवेक बिंद्रा

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नामचीन वक्ता डॉ. विवेक बिंद्रा ने विद्यार्थियों को उत्साह के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वैदिक क्लब के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 'विद्यार्थियों में क्षमता सुधार' विषय पर आयोजित कार्यशाला में लगभग दो घंटे के सत्र में डॉ. बिंद्रा ने विद्यार्थियों के साथ संकाय सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जोड़े रखा। ऊर्जा से भरपूर इस सत्र ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने प्रसिद्ध बास्केटबाल खिलाड़ी माइकल जोर्डन और हॉलीवुड अभिनेता अर्नाल्ड के जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया। दोनों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने किस कदर मेहनत की विद्यार्थियों के जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों और उन चुनौतियों से निपटने के उपायों के बारे में भी बताया। ब्यूरो

**DAINIK BHASKAR**

## पॉजीटिव सोच के साथ ही मिलती है सफलताः बिंद्रा

**फरीदाबाद**|वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ ने वैदिक क्लब के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मोटिवेटर डॉ. विवेक बिंद्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्साह के साथ अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।